# अध्याय 3. अपवाह

प्रश्न – अपवाह तंत्र किन्हे कहते है ?

उत्तर – एक क्षेत्र मे बहने वाली नदियो की प्रवाह वयवस्था और तद्जनित विविध परिवर्तन एवं विशेषताएँ अपवाह तंत्र कहलाती है ।

प्रश्न – अपवाह द्रोणी किसे कहते है ?

उत्तर – एक नदी तत्र द्वारा जिस क्षेत्र का जल प्रवाहित होता है उसे एक अपवाह द्रोणी कहते है ।

प्रश्न – जल विभाजक किसे कहते है ?

उत्तर – दो नदियो के अपवाह को परस्पर अलग रिनक की प्रक्रिया को जल विभाजक कहते है ।

प्रश्न – विश्व की सबसे बडी अपवाह द्रोणी किस देश की है ?

उत्तर – विश्व की सबसे बडी अपवाह द्रोणी मिस्त्र की नील नदी है ।

प्रश्न – द्रुमाकृतिक प्रवाह ढंग किसे कहते है ?

उत्तर – जब एक नदी अपनी सहायक नदी के साथ मिलकर भूमि की सतह को एक वृक्ष की शाखाओ जैसा दिखाई पडने वाली आकार मे काटती है तो इसको द्रुमाकृतिक प्रवाह ढंग कहते है ।

प्रश्न – आयताकार प्रवाह ढंग किसे कहते है ?

उत्तर – आयताकार प्रवाह ढंग उस समय बनता है जब नदी कठोर चट्टानो के क्षेत्र से होकर बहती है ।

प्रश्न – भारतीय नदियो को किन दो मुख्य वर्गो मे विभाजित किया गया है ?

उत्तर – 1. हिमालय की नदियाँ 2. प्रायद्वीपीय नदियाँ ।

प्रश्न – हिमालय की कौन सी दो मुख्य नदियाँ पर्वतीय श्रृखंला के उतरी भाग से निकलती है ?

उत्तर – सिंधु तथा ब्रहमपुत्र ।

प्रश्न – नदी की विभ्नन अवस्थाएँ कौन सी है ?

उत्तर – 1. डेल्टा 2. विसर्प 3. गोखुर झील 4. नदी का स्त्रोत 5. ऊपरी भाग

6. मध्य भाग 7. निचला भाग ।

प्रश्न – हिमालय से निकलने वाली प्रमुख नदियो के नाम लिखे ?

उत्तर – 1 सिन्धु 2. गंगा 3. ब्रहमपुत्र

प्रश्न – भारत मे सबसे विशाल नदी द्रोणी कौन सी है ?

उत्तर – गंगा नदी द्रोणी ।

www.atpeducation.com



Downloaded from: http://www.atpeducation.com/cbse-download.php Email: atpeducations@gmail.com

प्रश्न – नदी तंत्र किसे कहते है ?

उत्तर – किसी नदी तथा उसकी बडी सहायक नदीयों को तंत्र कहा जाता है ।

प्रश्न – सिन्धु नदी की लंबाई एवं इसका उद्गम लिखे ?

उत्तर – सिन्धु नदी की लंबाई (2900) किलोमीटर तथा सिंधु नदी का उद्गम मानसरोवर झील के निकट तिब्बत मे है ।

प्रश्न – सिंधु जल समझौता का वर्णन करो ?

उत्तर – सिंधु जल समझौता के अनुच्छेदो(1960) के अनुसार भारत इस नदी प्रकम के संपूर्ण जल का केवल 20 प्रतिशत जल उपयोग कर सकता है ।

प्रश्न – गंगा की दो मुख्य धाराओ के नाम लिखे ?

उत्तर – गंगा की दो मुख्य धाराओ के नाम है :– भागीरथी तथा अलकंनदा ।

प्रश्न – गंगा की सहायक नदियो के नाम लिखे ?

उत्तर – 1. यमुना 2. घाघरा 3. गंडक 4. कोसी

उत्तर – बांग्लादेश मे गंगा को किस नाम से पुकारना जाता है?

उत्तर – जमुना नदी ।

प्रश्न – सुन्दरवन डेल्टा मे गंगा को किस नाम से पुकारा जाता है ?

उत्तर – मेघना नदी ।

प्रश्न – विश्व का सबसे बडा डेल्टा का नाम लिखे ?

उत्तर – सुन्दरवन डेल्टा ।

प्रश्न – गंगा , ब्रहमपुत्र , सिन्धु , नर्मदा , तापी , गोदावरी , महानदी , कृष्णा , तथा कावेरी , नदियो की लंबाई बताओ ?

उत्तर – गंगा (2500) किलोमीटर , ब्रहमपुत्र (2900) किलोमीटर , सिन्धु (2900) किलोमीटर , नर्मदा (1300) किलोमीटर , तापी ( 792) किलोमीटर , गोदावरी (1500) किलोमीटर , महानदी ( 855) किलोमीटर , कृष्णा(1400) किलारेमीटर, कावेरी (765) किलोमीटर ।

प्रश्न – ब्रहमपुत्र नदी को अरूणाचल प्रदेश मे सि नाम से जाना जाता है ?

उत्तर – दिहाँग ।

प्रश्न – ब्रहमपुत्र की सहायक नदियो के नाम लिखे ?

उत्तर – दिबाँग , लोहित , केनुला, तितस्ता तथा टोसी ।

प्रश्न – ब्रहमपुत्र को तिब्बत मे एंव बाग्लादेश मे क्या कहा जाता है?

उत्तर – ब्रहमपुत्र को तिब्बत मे सांगपो एवं बाग्लादेश मे जमुना कहा जाता है ।

www.atpeducation.com



Downloaded from: http://www.atpeducation.com/cbse-download.php Email: atpeducations@gmail.com

प्रश्न – ब्रहमपुत्र , नर्मदा , तापी , गोदावरी ,महानदी , तथा कावेरी का उदगम् लिखे ?

उत्तर – ब्रहमपुत्र :–– यह नदी तिब्बत के मानसरोवर झील के पूर्व तथा सिंधु एवं सतलुज के स्त्रोतो के काफी नजदीक से निकलती है ।

नर्मदा :– नर्मदा का उदगम् मध्यप्रदेश मे बेतलेजिले मे सतपुडा की श्रृखला मे है ।

गोदावरी :– गोदावरी महाराष्ट्र के नासिक जिले मे पश्चिम घाट की ढालो से निकलती है।

महानदी :– महानदी का उदगम् छतीसगढ की उच्च भूमि से है ।

कावेरी :– कावेरी पश्चिमी घट के ब्रहागिरी श्रृंखला से निकलती है ।

प्रश्न – भारत मे दूसरा बडा जलप्रपात कौन सी नदी बनाती है ?

उत्तर – कावेरी नदी ।

प्रश्न – पृथ्वी के धरातल का लगभग कितना भाग जल से ढका है तथा इसका कितना प्रतिशत जल लवणीय है ?

उत्तर – पृथ्वी के धरातल का लगभग 71 प्रतिशत भाग जल से ढका है तथा इसका 97 भाग लवणीय है ।

प्रश्न – तापी , गोदवारी , कृष्णा , तथा कावेरी की सहायक नदियो के नाम लिखो ?

उत्तर – तापी :– साबरमती , माही , भरत , पेरिसार ।

गोदावरी :– पूर्णा , वर्धा , प्रान्हिता , तथा माजरा ।

कृष्णा :– तुगभुद्रा , कोयना , घाटप्रभा , मुसी तथा भीमा ।

कावेरी :– अमरवती , भवानी तथा हेमावती ।

प्रश्न – झील किसे कहते है ?

उत्तर – पृथ्वी की सतह के गर्त वाले भागो मे जहाँ जल जमा हो जाता है , उसे झील कहते है ।

प्रश्न – समुद्र किसे कहते है ?

उत्तर – बडे आकार वाली झीलो को ही समुद्र कहा जाता है ।

प्रश्न – रावा नदी का उदगम् स्थल का नाम लिखे ?

उत्तर – रोहतांग दर्रा ।

प्रश्न – वूलर झील किस राज्य मे स्थित है ?

उत्तर – जम्मू तथा कश्मीर ।

प्रश्न – भारत की सबसे बडी मीठे पानी वाली झील कौन सी है ?

उत्तर – वूलर झील ।

www.atpeducation.com



Downloaded from: http://www.atpeducation.com/cbse-download.php Email: atpeducations@gmail.com

प्रश्न – जल विघुत संसाधनो की शक्ति के मामलो मे भारत की विश्व मे कौन सी स्थिती है ?

उत्तर – पाँचवा स्थान ।

प्रश्न – झीलो का आर्थिक महत्व लिखो ?

उत्तर – झीलो मानव के लिए अत्याधिक लाभदायक होती है । जिसका वर्णन निम्नलिखित है :–

1. अत्याधिाक वर्षा के समय यह बाढ को रोकती है ।
2. झीलो का प्रयोग जलविघुत उत्पन्न करने मे किया जाता है ।
3. ये आसपास के क्षेत्रो के जलवायु को सामान्य बनाती है ।
4. जलीय पारितंत्र को भी संतुलित रखती है ।
5. झीलो की प्राकृतिक सुदंरता व पयटन को बढाती है ।

प्रश्न – राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना का वणर्न करो ?

उत्तर – गंगा कार्य के कियाकलापो का पहला चरण सन् 1985 मे प्रारंभ किया गया एवं इसे 31 मार्च 2000 को बंद कर दिया था । यह योजना अब 16 राज्यो के बीच बहने वाली 27 नदियो के किनारो स्थित 152 क्षेत्रो तक विस्तार वाली है। प्रदूषण कम करने की कुल 215 योजनाओ मे से अभी तक 69 योजनाओं को पूरा किया जा चुका है । इस योजना का प्रमुख उदेश्य नदियो मे बढ रहे प्रदूषण को कम करना है ।

प्रश्न – हिमालय से निकलने वाली तथा प्रायदीपीय पठार से निकलने वाली नदियों में चार अन्तर बताइए।

उत्तर –

| हिमालय से निकलने वाली नदियाँ | प्रायदीपीय पठार से निकलने वाली नदियाँ |
|---|---|
| 1. ये नदियाँ बर्फ और वर्षा जल से समृद्ध रहती है । इसी कारण इन्हें सदानीरा कहा जाता है । | 1. वर्षा जल से ही इन नदियो को पानी मिलता है । ग्रीष्म और शीत ऋतु मे ये सूख जाती है । |
| 2. ये सभी नदियाँ मैदानी भूमि पर बहती है अंतः नौ संचालन और सिंचाई मे इनका भरपूर उपयोग होता है । | 2. ये नदियाँ पठारी भूमि पर बहती है जहाँ नौ संचालन संभव नही हो पाता है । |
| 3. ये नदियाँ तरूण और तीव्र प्रवाह वाली होती है । | 3. ये नदियाँ बहुत पुरानी और वेगहीन है । |
| 4. इन नदियो की बहुत सी विभाजिकाएँ और सहायक नदियाँ है । | 4. इन नदियो की विभाजिकाएँ नगण्य संख्या मे है । |

www.atpeducation.com



Downloaded from: http://www.atpeducation.com/cbse-download.php Email: atpeducations@gmail.com